कार्यालय,प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय देवली (टोंक)

क्रमांक दिनांक:28/08/2021

प्रेस नोट

राजकीय महाविद्यालय में स्कूटी वितरण **कार्यक्रम का** आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक देवली- उनियारा श्री हरीश चन्द्र मीणा को आमन्त्रित किया गया, जिन्होनें स्कूटियाँ, मय दस्तावेज एवं हेलमेट देकर छात्राओं का उत्साह वर्धन किया एवं छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्री बन्ना लाल वर्मा ने की। स्कूटी योजना प्रभारी सहायक आचार्य निशा मीना ने बताया 'काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना सत्र -2019-20' में चयनित दस छात्राओं एवं 'देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना सत्र-2019-20' में चयनित नौ छात्राओं को स्कूटी वितरित की गई। महाविद्यालय की कुल 19 छात्राओं को स्कूटी वितरित की गयी। छात्राओं के बारहवीं कक्षा के प्राप्तांक के आधार मेरिट बनाकर छात्राओं का चयन किया गया। स्कूटियाँ प्राप्त करने के बाद छात्राओं एवं उनके साथ आए अभिभावकों ने प्रसन्नता जाहिर की। मंच सञ्चालन सहायक आचार्य सांवरमल कुमावत ने किया।

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय देवली

प्रतिलिपि : दैनिक भास्कर /राजस्थान पत्रिका /दैनिक नवज्योति /पंजाब केसरी